“आजादी”   (कवि - बालचंद्र चुल्लिक्काड,‘असद जैदी ’)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सार्वाधिक विकल्प छाँटकर लिखिए :-

1 ‘आजादी’ कविता के आधार पर कौन-सा मिलान ठीक नहीं हैं ?

1. भूखा-भोजन 2. कवि-बलिदान
3. ज्ञानी-ज्ञान 4.प्यासा-पानी

2 ‘आजादी’ कविता में दर्जी और शागिर्द के संवाद के माध्यम से बताया है-

1. सिलाई के महत्त्व को 3 बछड़े के महत्व को
2. सुई के महत्त्व को 4 कर्तव्य के महत्व को

3 ‘आजादी’ कविता में अन्धकार से प्रकाश की और उन्मुख होने का आशय हैं:

1. बंधन से छुटकारा पाना 3 अज्ञान से ज्ञान की और जाना
2. अँधेरे से दीपक जलाना 4 सूर्योदय की दिशा में जाना

4 निम्न में से किस शब्द में ‘ई’ प्रत्यय नहीं है।

1. ज्ञानी 3 दानी
2. पानी 4 धानी

5 आजादी का मतलब है।

1. कुछ भी करने की छूट 3 अनिवार्य आवयश्यकता की पूर्ति
2. उच्छृंखलता और स्वच्छं 4 कर्म से मुक्ति

6 दर्जी के अनुसार आजादी को भोगने का अधिकार किसे होना चाहिए?

1. जो निरन्तर कर्म करता है। 3 जो देश का नागरिक है।
2. जो देश से प्रेम करता हो। 4 जो सरकार की नौकरी करता हो।

‘अणु प्रश्न’

1. आजादी किसे कहते हैं?
2. शागिर्द ने किससे प्रश्न पूछा?
3. कवि ने रेल के उत्तर दिशा का ही चयन क्यों किया?
4. शिकारी के लिए आजादी क्या है?
5. कवि के लिए आज़ादी क्या होती है?
6. आज़ादी रूपी रोटी कौन खा सकता है?
7. आजादी का संबंध किससे हैं ?
8. अज्ञानी के लिए आज़ादी का अर्थ क्या होता है?

9. दर्जी के अनुसार भूखे को खाना खिलाना क्या है?

10. भयभीत होकर जीना मूर्खता है क्यों?

11. इस कविता के मुख्य पत्रों के नाम बताओ?

12. कविता की भाषा कैसी है?

13. आजादी कविता के कवि का क्या नाम हैं?

14. शागिर्द ने सुई में धागा पिरोने के निर्णय क्यों लिया ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए: (अंक-1)

1 'आजादी' कविता के आधार पर लिखिए कि केवल अधिकारों को भोगना ही आजादी कैसे नही हैं ?

2 कविता में शागिर्द ने 'आजादी' मानव की किन मूलभूत आवश्यकताओं को आजादी कहा है? (2015)

3 'आजादी' कविता में शागिर्द के मन में उठने वाले प्रश्नों से उसके किस गुण का परिचय मिलता है?

(2017)

4 'आजादी' कविता में आजादी का सही अधिकारी किसे माना गया हैं और क्यों ? (2014, 2016)

5 क्या आजादी का संबंध कर्म से हैं ? यदि हाँ,तो कैसे ? आजादी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : (अंक-2)

1 आजादी कविता में शागिर्द ने सुई में धागा पिरोने का निर्णय क्यों लिया ?

2 आजादी कवि के लिए शब्द है –कहकर कवि क्या सन्देश देना चाहता हैं ? (2016)

3 आजादी कविता में उस्ताद से अपने प्रश्न का उत्तर पाने के बाद शागिर्द पर क्या प्रभाव पड़ा?2015)